तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 24 हजार से अधिक बच्चों के आंकलन के लिए ...



12 तैलिक कुल देवी माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई



## खबर संक्षेप

### आस्था पर चोट, हल्बा समाज में आक्रोश



**चारामा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जैसाकर्रा में हल्बा आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था से जुड़े प्रतीकों को हटाए जाने का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस थाना चारामा पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा है और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद गांव सहित आसपास के क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बताया जा रहा है।

### महतारी वंदन योजना से मिल रहा संबल

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम सिंगारभाट खूंटापारा निवासी चित्ररेखा विश्वकर्मा के लिए महतारी वंदन योजना आर्थिक सहारा बनकर सामने आई है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली राशि से घर के आवश्यक खर्चों के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई में भी मदद मिल रही है। वे महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग राशन खरीदने और बच्चों के लिए कापी-पुस्तक खरीदने में करती हैं। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें एक बच्ची आठवीं कक्षा में पढ़ रही है, जबकि दूसरा बच्चा दसवीं कक्षा तक पढ़ाई कर चुका है।

### घायल की अस्पातल में इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत ग्राम खटगांव के पास विगत दिनों सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय विरेंद्र कुमार पिता परशुराम निवासी एनगुड़ का रोड एक्सीडेंट में घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान मौत हो जाने पर दुर्गूकोंदल थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कोदापाखा में 17 को लगेगा वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत कोदापाखा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक मेला का आयोजन 17 और 18 मार्च को किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 मार्च की रात्रि छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कला मंच योगेन्द्र चक्रधारी कृत लोकरंग छत्तीसगढ़िया, ग्राम सुभिया मुड़पार द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी कला के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया जाएगा। मेले के शुभारंभ से पहले सर्वप्रथम शीतला माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद मेले में विराजमान सभी देवी-देवताओं की पूजा-पाठ कर उन्हें मेला स्थल का तीन बार परिक्रमा कराया जाएगा।

### पंडरपानी में भागवत कथा हनुमान प्रकटोत्सव 25 से

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पण्डरीपानी में आगामी 25 मार्च से 2 अप्रैल तक नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं हनुमान प्रकटोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन पण्डरीपानी तालाब के पास आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम शीतला माता एवं महानदी तट में विराजमान शिव-पार्वती की कृपा से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत 25 मार्च को दोपहर 12 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। इसके बाद देव आवाहन, प्रतिष्ठा, भागवत स्थापना और गौकर्णोपाख्यान का आयोजन किया जाएगा। 2 अप्रैल को गीता पाठ, हवन-पूजन, सतधारा पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

---

**समस्या : कॉमर्शियल गैस की किल्लत से होटल कारोबार प्रभावित, कई बंद होने की कगार पर**

# जिले में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट व डोमेस्टिक के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर जिले में गैस सिलेंडर को लेकर पिछले कई दिनों से सिलेंडर की मारामारी जारी है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर ना मिलने से होटलों के मालिक कोयला और लकड़ी भट्टी शुरू कर दिया है। गैस एजेंसी में सीधे तौर पर मना कर दिया जा रहा है कि कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टॉक नहीं है, वहीं डोमेस्टिक के लिए जब लोग ऑनलाइन बुकिंग कर रहे हैं तो बुकिंग भी नहीं हो रही है। एजेंसी में पता लगाने पर एजेंसी के कर्मचारी बता रहे है कि सर्वर डाउन होने से बुकिंग करवाने में दो से तीन दिन लग रहा है। जिले के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है। सबसे अधिक परेशानी होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों ▶▶ शेष पेज 10 पर

- सर्वर डाउन होने से घरेलू गैस की ऑनलाइन बुकिंग में लग रहे दो-तीन दिन
- जिला अस्पताल, आश्रम और छात्रावास को पहले दी जाएगी गैस सप्लाई



### कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से बढ़ी मुसीबत



जय हिंद रेस्टोरेंट के संचालक आकाश मंगलानी ने बताया कि कांकेर जिला मुख्यालय में केवल इंडेन गैस एजेंसी है और इस एजेंसी के संचालक ने बताया कि 10 दिनों से कॉमर्शियल सिलेंडर का स्टाक नहीं आ रहा है। स्टाक आने पर पहले जिला अस्पताल, आश्रम, छात्रावास में सप्लाई दिया जाएगा और वहाँ से बचने के बाद ही हॉटल को दे पाना संभव नहीं हो पाएगा। ऐसे में हम लोगों को कोयला भट्टी का सहारा लेना पड़ रहा है।

### आनलाइन बुकिंग में लग रहे 2-3 दिन

घरेलू गैस उपभोक्ताओं की परेशानी भी कम नहीं है। लोग जब ऑनलाइन माध्यम से गैस सिलेंडर बुक करने की कोशिश कर रहे हैं तो बुकिंग ही नहीं हो पा रही है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे बार-बार कोशिश करने के बावजूद सिलेंडर बुक नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में एजेंसी में पूछताछ की जाती है तो कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि सर्वर डाउन होने के कारण बुकिंग प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और इसमें दो से तीन दिन का समय लग सकता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले से ही गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ी हुई हैं और अब समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ रहा है। कई परिवारों को मजबूरन वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

### दस दिनों से नहीं मिला कॉमर्शियल सिलेंडर

नए बस स्टैंड के पास स्थित बजरंग गैस एजेंसी के प्रोपराईटर टिकेंद्र प्रताप दुग्गा ने बताया कि 10 दिनों से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टाक नहीं मिल पा रहा है, जिससे कांकेर शहर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिला प्रशासन ने भविष्य में स्टाक आने पर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर को सबसे पहले सरकारी संस्थाओं डोमेस्टिक का स्टाक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, डोमेस्टिक गैस सिलेंडर के लिए ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद ही सप्लाई दिया जा रहा है।

---

# अनियंत्रित कार की टक्कर से मोटरसायकिल सवार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। शनिवार सुबह एक कार चालक की लापरवाही के कारण बाइक सवार व्यक्ति सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई हैं। घायल को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाकर इलाज कराया जा रहा है।



जानकारी के अनुसार ग्राम पुसावंड थाना कांकेर निवासी रवि कुमार साहू ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पिता छेदू राम साहू 15 मार्च 2026 की सुबह अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीजे 0662 से घर से अपने ड्यूटी स्थल कोयलीबेडा जाने के लिए निकले थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वे पटौद चौक के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक कार क्रमांक सीजी 04 एमई 5473 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि छेदू राम साहू मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उनके दाहिने पैर की जांघ और एड़ी में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल 108 एम्बुलेंस को बुलाया गया, जिसके माध्यम से घायल को इलाज के लिए केडी अस्पताल कांकेर लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस दुर्घटना में न केवल छेदूराम साहू को चोटें आई हैं, बल्कि उनकी मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। परिजनों का आरोप है कि कार चालक ने अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मारकर यह हादसा किया।

घटना के बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस से शिकायत कर पूरे मामले में उचित जांच और संबंधित कार चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, वहीं पुलिस ने मामले में आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करके विवेचना में लिया है।

---

# सेना-पुलिस में भर्ती की निःशुल्क तैयारी के लिए पूना परियान-नई उड़ान योजना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को सेना, पुलिस एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नई पहल 'पूना परियान-नई उड़ान' योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के तहत जिले के युवाओं को सेना, पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी।

योजना के अंतर्गत उन छात्र-छात्राओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा जो पुलिस विभाग में एसआई भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती, थल सेना, जल सेना, वायु सेना भर्ती, एनडीए परीक्षा तथा वनरक्षक भर्ती में शामिल होना चाहते हैं। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लिखित परीक्षा के साथ-साथ शारीरिक दक्षता परीक्षण की तैयारी भी पूरी तरह निःशुल्क कराई जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य युवाओं को सही मार्गदर्शन और व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय सेवाओं में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा युवाओं की दौड़, शारीरिक दक्षता, अनुशासन और मानसिक क्षमता का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में सफल हो सकें। यह अभिनव पहल कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम के संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल का मार्गदर्शन रहेगा।

इस योजना के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। चयन के लिए 01 अप्रैल को सुबह 09 बजे से काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग ग्राम चौगेल (मूल्ला), विकासखंड भानुप्रतापपुर में दल्ली रोड पर तथा दूसरा केंद्र जिला मुख्यालय कांकेर के सिंगारभाट स्थित वृहद खेल मैदान परिसर में बनाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें ओपन जिम, विशाल खेल मैदान, निःशुल्क हॉर्स राइडिंग प्रशिक्षण, विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण, स्विमिंग पुल की सुविधा तथा मानसिक क्षमता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग शामिल है। जिला प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाते हुए समय पर पंजीयन कराएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। जिला प्रशासन की यह पहल निश्चित रूप से जिले के युवाओं को सेना और पुलिस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में करियर बनाने का नया अवसर प्रदान करेगी।

---

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चारगांव स्थित बीएसएफ कैंप मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। इस दुर्घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई है। जानकारी के अनुसार 13 मार्च की रात लगभग 3 बजे के आसपास चारागांव बीएसएफ कैंप मोड़ के पास मोटर सायकल चालक खूटगांव कोयलीबेड़ा निवासी 21 वर्षीय सुकनाथ उसेण्डी पिता बुधराम उसेण्डी मोटर सायकल से गिरकर बेहोश हो गया था, उसे एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी कोयलीबेड़ा में लेकर पहुँचे। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना १* मार्च की रात लगभग *:०० बजे की है। मृतक प्रसाद उसेण्डी (२७ वर्ष) और उसका छोटा भाई सुकनाथ उसेण्डी (२१ वर्ष), निवासी खुटगांव, अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। चारगांव कैंप के पास अनियंत्रित होकर गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए।

राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) कोयलीबेड़ा लाया गया। अस्पताल में जांच के पश्चात डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। एक ही परिवार के दो चिराग बुझने से क्षेत्र में मातम पसरा है।

---

# बीनागुंडा जंगल में 4 आईईडी बरामद कलपर में नक्सलियों के स्मारक ढहाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। सघन सर्चिंग अभियान के दौरान जवानों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए चार आईईडी बरामद किए और उनके बनाए चार नक्सल स्मारकों को ध्वस्त कर दिया। इस संयुक्त कार्रवाई को डीआरजी और बीएसएफ के जवानों ने अंजाम दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च को डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती इलाके में नक्सल विरोधी सर्चिंग अभियान पर निकली हुई थी। इसी दौरान छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम हापाटोला- ▶▶ शेष पेज 10 पर




---

# माता कर्मा की 1010 वीं जयंती पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बासनवाही

- छापरपारा में भक्त -भाव से मनायी गई जयंती



ग्राम बासनवाही के आश्रित ग्राम छापरपारा में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों के साथ-साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भक्त माता कर्मा की विधिवत पूजा- ▶▶ शेष पेज 10 पर

---

# चारामा पुलिस ने 8 लीटर महुआ शराब पकड़ी, एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चारामा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम बागडोंगरी में दबिश देकर एक व्यक्ति को हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से साढ़े 7 लीटर अवैध महुआ शराब और नगदी बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कांकेर मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में जिले में उजियारा अभियान के तहत अपराध और अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 14 मार्च को थाना चारामा की पुलिस टीम गांवों में भ्रमण और शराब रेड अभियान पर निकली थी। भ्रमण के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बागडोंगरी में एक व्यक्ति अपने घर में हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे हुए है। जानकारी की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और संदिग्ध के घर पर दबिश दी। पुलिस ने मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की, जिसने अपना नाम 40 वर्षीय ईश्वर नेताम पिता समारूराम नेताम, निवासी ग्राम बागडोंगरी थाना चारामा जिला कांकेर बताया। गवाहों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अलग-अलग 6 बोतलों में भरी कुल साढ़े 7 लीटर हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब और 200 रुपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने शराब को मौके पर ही जब्त कर सीलबंद कर लिया। आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब रखने और बिक्री करने का अपराध पाए जाने पर थाना चारामा में अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### *कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल*

*इस कार्रवाई में निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, उपनिरीक्षक टीकम सोने, उपनिरीक्षक सालिक निषाद, आरक्षक सेवन ध्रुव शंकर खुंटे तथा आरक्षक विद्या मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*

---

**कोकपुर में विधायक आशाराम ने कार्यकर्ताओं के साथ बिताई रात**

# दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान में भाजपाइयों ने लिया जनसेवा व राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





विकासखंड कांकेर के ग्राम कोकपुर के सामुदायिक भवन में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रेरणादायी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम शामिल होकर भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की विचारधारा, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना को और मजबूत करने का संदेश दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सेवा का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कार्य करती है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को आधार बनाकर भाजपा निरंतर राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ रही है। विधायक आशाराम नेताम ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए संगठन की कार्यप्रणाली, कार्यकर्ताओं की भूमिका और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए पार्टी की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों और योजनाओं को पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने रात्रि विश्राम भी किया, जिससे संगठनात्मक एकता और आपसी समन्वय को और अधिक मजबूती मिली। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया और समाज के हर वर्ग की सेवा के लिए निरंतर सक्रिय रहने की बात कही।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है। कार्यकर्ताओं का यही समर्पण, अनुशासन और सेवा भाव संगठन को निरंतर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### सिलेंडर लेने लग रही लंबी कतार

फरसगांव। नगर के वाहेगुरु भारत गैस एजेंसी और गोदाम में रविवार को उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारें लग रही है। अचानक बढ़ी मांग के कारण एजेंसी में असामान्य भीड़ की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते इज़राइल-ईरान युद्ध को लेकर चल रही खबरों के बाद लोगों में गैस सिलेंडर की कमी की आशंका को लेकर पैनिक की स्थिति बन गई है। इसी कारण कई उपभोक्ता एक साथ सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। फरसगांव के वाहेगुरु भारत गैस एजेंसी के कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि अफवाहों के कारण लोग अनावश्यक रूप से घबराकर सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। जिससे एजेंसी में भीड़ भाड़ की स्तिथ बन रही है। एजेंसी द्वारा लिमिट और नए नियमों को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता को सिलेंडर वितरण कर रहे हैं। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि घबराने या अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### विकास नगर स्टेडियम में पूर्व सैनिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



कोण्डागांव। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा प्रत्येक रविवार को चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को विकास नगर स्टेडियम में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों तथा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों ने मिलकर स्टेडियम परिसर में झाड़ू लगाकर साफ–सफाई की। यह अभियान मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश डे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान युवाओं ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्टेडियम परिसर को साफ करने में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कोंडागांव के जिला अध्यक्ष नागेश देवांगन ने सैन्य प्रशिक्षण ले रहे युवक–युवतियों को पौष्टिक आहार वितरित किया।

# समन्वित कृषि कार्यों से किसानों की आर्थिक स्थिति हो रही अच्छी, बन रहे दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शुक्रवार को ग्राम जरेबेन्दरी में उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किसान लुमन भण्डारी द्वारा किए जा रहे समन्वित कृषि कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायी बताया।

किसान लुमन भण्डारी को राज्य पोषित योजनांतर्गत समेकित उद्यानिकी विकास योजना के विभिन्न घटकों जैसे फेंसिंग, नलकूप खनन सह पम्प प्रतिस्थापन, फलोद्यान और अन्तरवर्ती फसल के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई है। कृषक द्वारा समन्वित कृषि प्रणाली के तहत सूरजमुखी की खेती के साथ बत्तख पालन, मुर्गी पालन, टर्की पालन और सुअर पालन का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, उद्यानिकी अधिकारी लोकेश्वर ध्रुव, मत्स्य विभाग के अधिकारी योगेश देवांगन, कृषि विभाग के अधिकारी कैलाश मरकाम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने उद्यानिकी और मत्स्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण

### संकर बीज उत्पादन कार्यक्रम का भी लिया जायजा

इसके पश्चात कलेक्टर ने विकासखण्ड के ग्राम बड़ेबेन्दरी में किसान भरत राम द्वारा संकर बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत की जा रही लौकी और बैंगन की फसलों का निरीक्षण किया। किसान ने बताया कि संकर बीज उत्पादन से प्रति हेक्टेयर लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। इस कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत निजी क्षेत्र के माध्यम से 63 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी इस कार्य को अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।



### मछली पालक किसान के कार्यों का भी किया अवलोकन

कलेक्टर ने ग्राम जरेबेन्दरी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थी किसानजयराम देवांगन के कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने योजना का लाभ लेकर मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। किसान जयराम देवांगन ने योजना के अंतर्गत अपनी 1.40 हेक्टेयर भूमि में लगभग 15.40 लाख रुपये की लागत से तालाब का निर्माण कराया, जिसमें उन्हें शासन की ओर से 6.16 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ। तालाब निर्माण के बाद उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए मछली पालन और मत्स्य बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया।

## जयंती समारोह : कलशयात्रा में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया

# भानुप्रतापपुर में साहू समाज ने माता कर्मा जयंती पर निकाली शानदार कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर ब्लाक मुख्यालय में साहू समाज की ओर से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मां कर्मा की जयंती मनाई गई। मां कर्मा ने अपनी भक्ति से साक्षात श्रीकृष्ण के दर्शन किए और जगन्नााथपुरी में बहुत समय तक समुद्र के किनारे रहकर अपनी गोद में लेकर बालकृष्ण को अपने हाथों खिचड़ी खिलाई थी। उक्त कार्यक्रम में मां कर्मा की स्थापित प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और युवतियां इस कलश यात्रा में शामिल हुई।

समाज द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण किया गया और इसके साथ ही समाज के लोगों की ओर से भव्य शोभायात्रा एवं कलशयात्रा निकाली गई। इसके बाद भगवान जगन्नााथ स्वामी का पूजन कर भोग लगाया गया और महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी ने कहा कि भक्त माता कर्मा साहू समाज का इतिहास गौरवपूर्ण और वैभवशाली होने का प्रमाण है। भक्त माता कर्मा, दानवीर भामाशाह, राजिम माता साहू समाज की प्रेरणा है। कर्मा माता के इस त्याग एवं तपस्या से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। समाज की विशेषता एवं ताकत ईमानदारी और मेहनत है। समाज अपनी ईमानदारी और मेहनत से शिक्षा, रोजगार, व्यापार, राजनीतिक सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने आचरण और व्यवहार से सभी समाज के साथ मिलकर रहने वाला समाज है।

उन्होंने कहा कि स्व मनोज सिंह मंडावी जी ने भानुप्रतापपुर विधानसभा में साहू समाज को सबसे ज्यादा भवन दिया है। इस मौके उन्होंने कर्मा माता प्रांगण में रंगमंच के लिए दो लाख रुपए और उद्यान के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा यह साहू समाज की विशेषता और ताकत है। सभी समाज के साथ अच्छा और सद्भावनापूर्वक संबंध होता है। उन्होंने कर्मा माता की जयंती पर सभी को बधाई दिए।

भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने भक्त माता कर्मा जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दिया उन्होंने माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उनका आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है। कहा साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की प्रतिमा स्थल पर आरसीसी शेड निर्माण के लिए जितना भी खर्च आएगा उसे पूरा करने का घोषणा करता हूं।

### मेहनत और लगन से मिलती है तरक्की

ग्राम पटेल वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और स्नेह माता कर्मा की पहचान है। उन्होंने कहा कि साहू समाज मजबूत समाज है। उन्होंने बताया कि साहू समाज के लोगों मेंने देखा है कई लोग छोटे मोटे काम करते थे और आज भानुप्रतापपुर में ही अपने मेहनत से लखपति और करोड़ पति है कहा कि व्यक्ति बड़ा नहीं होता है मेहनत और लगन ही ताकत देती है तो वह बड़ा हो जाता है। कार्यक्रम में रमेश सोनगेड अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज, नरोत्तम सिंह चौहान, पार्षद प्रियंका निकेश ठाकुर, तहसील साहू समाज अध्यक्ष गुलाब साहू, उपाध्यक्ष दिनेश साहू, सचिव ब्यास साहू, पुष्पा साहू, संरक्षक कमल नारायण साहू, ईश्वर प्रसाद साहू, देवेंद्र साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष शिव कुमार साहू, संबलपुर सरपंच अनीता रावटे, गिरजा देवी साहू जनपद सदस्य, गौरव चोपड़ा, नरेश जैन, ठाकुर राम साहू समाज संरक्षक, कुंदन साहू, सुरेंद्र साहू, लीगेंद साहू, अजय साहू, लिखेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू, उमा साहू, टिकेश्वरी साहू, जगदीश साहू, भुनेश्वर साहू, नरेश जैन, संजय साहू, प्रेम साहू, लखन साहू, पार्षद सुमित्रा साहू, पार्षद निशा तिवारी, रूपेश्वर साहू, पूर्ण मेस्वरी, बिंदु साहू, गायत्री साहू, गीता साहू, घसिया राम साहू, केसर साहू समेत समाज के लोग मौजूद रहे।

## उन्नत कृषक डॉ. राजाराम राष्ट्रीय कृषि रत्न अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

85 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक संस्था रायपुर छत्तीसगढ हिंदी साहित्य मंडल के 85वें स्थापना समारोह में शहर के कृषि वैज्ञानिक, साहित्यकार एवं जनजातीय चिंतक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को "राष्ट्रीय कृषि रत्न अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह समारोह वृंदावन बड़ा हॉल, सिविल लाइंस रायपुर में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश के साहित्यकार, बुद्धिजीवी, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रें के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डॉ. राजाराम त्रिपाठी को कृषि क्षेत्र में उनके अभिनव कार्यों, विशेष रूप से उच्च उत्पादक काली मिर्च की नई प्रजाति एमडीबीपी–16 के विकास के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। यह किस्म सामान्य प्रजातियों की तुलना में चार गुना अधिक उत्पादन देने में सक्षम है और इसकी गुणवत्ता को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। डॉ. त्रिपाठी द्वारा विकसित नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल को भी कार्यक्रम में विशेष सराहना मिली। यह मॉडल पर्यावरण संरक्षण, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता में कमी, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबला तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी समाधान माना जा रहा है। सम्मान प्राप्त करते हुए डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने यह पुरस्कार अपने परिजनों, मां दंतेश्वरी हर्बल समूह तथा बस्तर के आदिवासी समुदाय के किसानों को समर्पित किया। समारोह के उद्घाटक राजर्षि महंत डॉ. रामसुंदर दास रहे, जबकि प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. इंदिरा मिश्र आईएएस ने की। कार्यक्रम में राजकवि डॉ. बृजेश सिंह, विजय मिश्रा, डॉ. जेपी डागर और अधिवक्ता अंबर शुक्ल अम्बरीष सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ लेखक सुनील पांडे ने किया। आयोजन संस्था के अध्यक्ष आचार्य इंजीनियर अमरनाथ त्यागी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# पेंशनधारी कल्याण संघ ने संगठन की मजबूती और अधिकार पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा सरोना की मासिक बैठक देवलाल मरकाम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनधारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान चार सेवानिवृत्त साथियों ने पेंशनधारी कल्याण संघ की सदस्यता ग्रहण की।

■ मासिक बैठक में अधिकारों की लड़ाई के लिए चर्चा की

जिलाध्यक्ष देवराम नाग ने कहा कि अधिक से अधिक सेवानिवृत्त साथियों को संगठन से जोड़ना समय की आवश्यकता है, ताकि सभी के अधिकारों की सामूहिक रूप से रक्षा की जा सके। अपने संबोधन में सचिव लीलाराम सेन ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए दल गठन कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संघ के सदस्यों के जन्मदिवस पर उनका सम्मान किया जाएगा और दिवंगत साथियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी स्मृति को सम्मान दिया जाएगा। इससे संगठन में आपसी सहयोग और एकता की भावना और मजबूत होगी। पेंशनधारियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और जरूरत पड़ने पर संघर्ष के लिए तैयार रहने का आव्हान किया। उन्होंने वर्ष 2017 से लंबित 80 माह की महंगाई राहत की शेष बकाया राशि तथा समय पर महंगाई राहत नहीं मिलने से हो रही आर्थिक क्षति की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा जल्द समाधान नहीं किया गया तो पेंशनधारी आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य हो सकते हैं। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी सभी सदस्यों को दी जाएगी। बैठक में देवलाल कोर्राम, कृष्ण कुमार नेताम, बीएल साहू, एनएस वट्टी, लच्छुराम साव, रमेश कुमार, दिनेश कुमार सिन्हा तथा तहसील सचिव मोहन सिंह नेताम सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# कोंडागांव एथेनॉल संयंत्र मामले में प्रशासनिक समीक्षा तेज, समस्या निराकरण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

जिले के एथेनॉल संयंत्र को लेकर हाल में विरोध, तोड़फोड़ और स्थानीय असंतोष की घटनाओं के बाद प्रशासन ने मामले की समीक्षा तेज कर दी है। संयंत्र को फिलहाल एहतियातन अस्थायी रूप से बंद रखा गया है और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। प्लांट से जुड़ी खबरों की जांच पड़ताल में यह सामने आया है कि प्रशासन प्लांट के संरचना, संचालन व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन तथा आवश्यक तकनीकी सुधारों की समीक्षा कर समस्याओं के निराकरण के लिए मंथन कर रहा है। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से ग्रामीणों द्वारा उठाई जा रही शिकायतों को लेकर संयंत्र प्रबंधन, प्रशासन और स्थानीय स्तर पर कई दौर की चर्चा हुई थी। ग्राम स्तरीय समन्वय के माध्यम से संवाद स्थापित करने और शिकायतों के समाधान के लिए चरणबद्ध उपायों पर भी काम किया गया था। घटना के समय संयंत्र में कुल 235 कार्मिक कार्यरत थे। इनमें से 192 कार्मिक छत्तीसगढ़ से थे, जो कुल कार्यबल का लगभग 82 प्रतिशत है, जबकि 128 कार्मिक कोंडागांव जिले से थे, जो कुल कार्यबल का लगभग 55 प्रतिशत है। अकुशल श्रेणी में 74 में से 64 कार्मिक कोंडागांव जिले से थे, यानी लगभग 87 प्रतिशत, जबकि ठेका श्रमिक श्रेणी में 48 में से 46 श्रमिक कोंडागांव जिले से थे, यानी लगभग 96 प्रतिशत। वहीं कुशल श्रेणी में भी 103 में से 63 कार्मिक छत्तीसगढ़ से थे, जो लगभग 61 प्रतिशत है।



### मक्का खरीदी संबंधी सवाल की पड़ताल

मक्का खरीदी को लेकर भी कई तरह की शिकायतें हुई, जिनके पड़ताल में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संयंत्र द्वारा मक्का की खरीदी से प्राप्त आवंटन के आधार पर की गई थी। संबंधित अवधि में लगभग 4399 मीट्रिक टन मक्का, जिसकी कुल कीमत करीब 10.56 करोड़ बताई जा रही है। जिस समय खुले बाजार में मक्का का भाव लगभग 16–17 प्रति किलोग्राम था। उस समय किसानों से लगभग 24 प्रति किलोग्राम एमएसपी दर पर खरीदी की जा रही थी। वर्तमान में जिला कलेक्टर, कोंडागांव, पदेन प्रभारी अधिकारी अध्यक्ष के रूप में इसकी देखरेख कर रहे हैं। साथ ही समिति के कार्यों के संचालन एवं प्रबंधन के लिए अध्यक्ष के नेतृत्व में 15 सदस्यीय संचालक मंडल भी कार्यरत है। सूत्रों के मुताबिक, प्रबंधन द्वारा आवश्यक सुधारात्मक कार्यों के लिए रोडमैप बनाया जा रहा है ताकि भविष्य में शिकायतों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक संरचनात्मक एवं तकनीकी सुधार किए जाये।

# नाबालिग उत्तर प्रदेश से बरामद, अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

थाना कांकेर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले को सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस की एक विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश के नारायणी से गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्रवाई में जिले के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन और साइबर सेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

■ आरोपी धमतरी जिले का निवासी, जो यूपी में छिपकर रह रहा था

विदित हो कि 6 मार्च 2026 की दरमियानी रात को कांकेर थानांतर्गत एक नाबालिग बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। नाबालिक के पिता ने थाने में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दर्ज कराई कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुम इंसान क्रमांक 23/26 दर्ज किया और भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू और एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में कांकेर थाना प्रभारी (प्रशिक्षु) आईपीएस प्रतिक दादासाहेब बनसोडे ने एक विशेष टीम का गठन किया। खोजबीन के दौरान साइबर सेल की मदद ली गई, जिसने मोबाइल लोकेशन और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के जरिए यह पता लगाया कि आरोपी बालिका को लेकर उत्तर प्रदेश के नारायणी इलाके में छिपा हुआ है। सूचना पुख्ता होते ही महिला प्रधान आरक्षक किरण परिहार के नेतृत्व में एक विशेष दस्ता यूपी के लिए रवाना किया गया।

### आरोपी ने कबूला जुर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई

कांकेर थाना प्रभारी (प्रशिक्षु) आईपीएस प्रतिक दादासाहेब बनसोडे ने बताया कि पुलिस टीम नारायणी पहुंचकर घेराबंदी की और सफलतापूर्वक नाबालिग बालिका को आरोपी के कब्जे से छुड़ाया। 14 मार्च को टीम बालिका और संदेही को लेकर वापस कांकेर पहुंची। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी 21 वर्षीय पुनेश्वर नेताम उसे जबरन अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म भी किया। आरोपी धमतरी जिले के ग्राम पालवाड़ी का निवासी है, ने भी अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। बयान और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 64 (1), 65 (1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 जोड़ते हुए आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया और विशेष न्यायायल में प्रस्तुत किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

नाबालिक को पता लगाने और आरोपी को गिरफ्तार करने में एएसआई भुनेश्वरी भगत, महिला प्रधान आरक्षक किरण परिहार, आरक्षक तनिश कावड़े, साइबर सेल प्रभारी यशवंत श्याम और आरक्षक भूपेश नेताम की सराहनीय भूमिका रही।

# 5वीं-8वीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा आज से, 2400 से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2025–26 की कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षाएं सोमवार 16 मार्च से प्रारंभ होने जा रही हैं। राज्यभर में यह परीक्षा एकसमान समय-सारणी के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों के मूल्यांकन में पारदर्शिता और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। विकासखंड दुर्गूकोंदल सहित पूरे जिले में हजारों विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। विकासखंड में कक्षा 5वीं के कुल 1174 और कक्षा 8वीं के 1247 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इस प्रकार कुल 2400 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है और सोमवार से निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा देंगे। कक्षा 5वीं की परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया गया है। दो घंटे की इस परीक्षा की शुरुआत सोमवार 16 मार्च को गणित विषय से होगी। इसके बाद गुरुवार 19 को अंग्रेजी, सोमवार 23 को हिंदी और बुधवार 25 को पर्यावरण विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। छोटे बच्चों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा का समय और प्रश्नपत्र इस प्रकार तैयार किया गया है कि वे बिना अधिक दबाव के अपने ज्ञान और समझ का प्रदर्शन कर सकें। कक्षा 8वीं की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। तीन घंटे की इस परीक्षा की शुरुआत मंगलवार 17 मार्च को गणित विषय से होगी। इसके बाद शुक्रवार 20 को हिंदी, मंगलवार 24 को अंग्रेजी, सोमवार 30 को सामाजिक विज्ञान, गुरुवार 2 अप्रैल को विज्ञान और अंत में सोमवार 6 अप्रैल को संस्कृत विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। संकुल प्राचार्यों द्वारा प्रत्येक पेपर के दिन सुबह 8 बजे प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तरपुस्तिकाएं प्रतिदिन केंद्राध्यक्ष द्वारा संकुल प्राचार्य को सौंपी जाएंगी और वहां से विकासखंड कार्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी जाएंगी। शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा केंद्रों पर बैठने की व्यवस्था, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल भी गठित किया गया है। वहीं उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी केंद्रीकृत पद्धति से किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष...

### जिले में कॉमर्शियल...

को झेलनी पड़ रही है, क्योंकि उनका पूरा कारोबार कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर निर्भर रहता है। सिलेंडर नहीं मिलने के कारण कई होटल संचालकों ने मजबूरी में लकड़ी और कोयले की भट्टी जलाकर खाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे जहां काम करने में अधिक मेहनत और समय लग रहा है, वहीं प्रदूषण और खर्च भी बढ़ गया है। होटल संचालकों का कहना है कि वे पिछले कई दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें यही जवाब मिलता है कि कॉमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक खत्म हो चुका है। कई संचालकों ने बताया कि अगर जल्द ही गैस की सप्लाई सामान्य नहीं हुई, तो उन्हें होटल बंद करने तक की नौबत आ सकती है। इससे उनके साथ काम करने वाले कर्मचारियों की रोजी-रोटी पर भी संकट मंडराने लगा है।

### बीनागुंडा जंगल में...

बीनागुण्डा के जंगल-पहाड़ी इलाके में जवानों को नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया एक डम्प मिला। तलाशी के दौरान वहां से चार आईईडी सहित कई नक्सली सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में तीन प्रेशर कुकर आईईडी और एक पाइप आईईडी शामिल हैं। इनमें एक प्रेशर कुकर आईईडी लगभग 10 किलो और दो अन्य लगभग 5-5 किलो के बताए जा रहे हैं। इसके अलावा एक पाइप आईईडी, बिजली वायर का एक बंडल, तीन नक्सल वर्दी, फटाखे, नक्सल साहित्य और अन्य उपयोगी सामग्री भी मौके से मिली है। सुरक्षा बलों ने आगे कार्रवाई करते हुए ग्राम कलपर-आमाटोला में नक्सलियों द्वारा बनाए गए चार नक्सल स्मारकों को भी ध्वस्त कर दिया। जवानों ने सुरक्षा के मद्देनजर बरामद सभी आईईडी को मौके पर ही बम निष्क्रियकरण प्रक्रिया के तहत सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया, ताकि किसी प्रकार का खतरा न रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में छोटेबेठिया थाना में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा और जंगलों में सर्चिंग तेज कर दी गई है, ताकि नक्सलियों की किसी भी साजिश को समय रहते नाकाम किया जा सके।

### माता कर्मा की...

अर्चना से की गई। इसके पश्चात ग्रामीण साहू समाज छापरपारा के अध्यक्ष चन्द्रभान साहू की पारंपरिक पगड़ी रस्म के साथ ताजपोशी कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि तारा ठाकुर ने कहा कि भक्त माता कर्मा ने समाज को सेवा, त्याग और समर्पण का संदेश दिया है। उन्होंने सभी लोगों से उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलने की अपील की। ग्रामीण साहू समाज छापरपारा के अध्यक्ष चन्द्रभान साहू ने समाज की एकता और परंपराओं को बनाए रखने पर बल दिया। जनपद उपाध्यक्ष संजुगोपाल साहू ने कहा कि साहू समाज की इष्ट देवी भक्त माता कर्मा के आदर्श समाज के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेंगे। जनपद सदस्य पवन नेताम ने भी अपने उद्बोधन में समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश साहू ने किया एवं जनपद सदस्य पवन नेताम, सरपंच बबिता वट्टी, सचिव प्रेमलाल नेताम, मानस आयोजक समिति अध्यक्ष हरलाल नेताम, उपाध्यक्ष सागर दास वैष्णव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कनक कश्यप, पुनीतदास वैष्णव, लोकनाथ साहू, बृजलाल ध्रुव, ठाकुरराम साहू, राकेश साहू, प्रेमलाल साहू, तुलेश्वर साहू और गुलशन साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान...

ही लोकतंत्र की मजबूती है और जनसेवा के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी साबित हुआ और संगठनात्मक ऊर्जा को नई दिशा देने वाला रहा।

## खबर संक्षेप

### मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने पर जोर



**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की दूरदर्शी पहल से जिले में मोटे अनाजों की खेती को नई पहचान मिल रही है। किसानों को पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए अब रागी (मडिया) की खेती में भी नवाचार की शुरुआत की गई है, जिससे किसान आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिले के कृषि इतिहास में पहली बार लगभग 300 प्रगतिशील किसानों द्वारा उन्नत 'श्री विधि' के माध्यम से रागी की बुवाई और खेती की जा रही है। यह पहल रागी उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र में पोषक अनाजों की खेती को भी प्रोत्साहित कर रही है। रागी अपनी उच्च पोषण गुणवत्ता, विशेषकर कैल्शियम और आयरन की प्रचुरता के कारण स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है।

### पीएम किसान योजना की 22वीं किस्त जारी

**बीजापुर।** किसानों को आर्थिक मजबूती देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की गई। इस अवसर पर बीजापुर जिले के 16,692 किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 3.38 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को हर वर्ष 6000 की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में प्रदान की जाती है, जिससे किसानों को खेती से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

# डिकेश ठाकुर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में नैनमुर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



ग्राम पंचायत कोटियागुड़ा में आयोजित स्वर्गीय डिकेश ठाकुर स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, खेल प्रेमी और युवा उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल के प्रति उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला नैनमुर और नारायणपाल की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में नैनमुर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और टूर्नामेंट की विजेता बनी। वहीं नारायणपाल की टीम उपविजेता रही। मैच के दौरान दर्शकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला और सभी ने खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया।

समापन समारोह के दौरान विजेता टीम नैनमुर को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 की राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता नारायणपाल की टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25,000 की राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है और वे सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय डिकेश ठाकुर की स्मृति में आयोजित यह टूर्नामेंट युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन लगातार होते रहेंगे और क्षेत्र के युवा खेल के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे। विधायक गोयल ने विजेता और उपविजेता टीम सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होता है, जो उनके जीवन को नई दिशा देता है।

# पौधरोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



शाऊमा विद्यालय छिंदबहार में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीवन कुमार महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई छिंदबहर द्वारा सत्र 2025-26 में नियमित गतिविधि

■ एनएसएस छिंदबहार ने किया उल्लेखनीय कार्य

हेतु वार्षिक कैलेंडर के अनुसार कार्य विभाजन कर राष्ट्रीय सेवा योजना का 5 वर्षीय कार्ययोजना के आधार पर पौधरोपण, पौध संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक कुल 3000 पौधे लगाए व वितरित किया जा चुका है।

जिसका नियमित निरीक्षण भी किया जाता है। इस हेतु वृक्ष मित्र टीम का गठन किया गया है। जल संरक्षण मिशन के तहत भूजल रिचार्ज हेतु सोखता गढ्ढा मिनी वाटर शेड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष 200 सोखता गढ्ढा मिनी वाटर शेड का निर्माण किया गया है। अब तक का कुल 2000 सोखता गढ्ढा मिनी वाटर शेड का निर्माण हो चुका है। जिससे भूजल स्तर भी बढ़ रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक से भरा एक बॉटल के बदले एक पेन अभियान चलाया जा रहा है। जिसे प्राप्त बॉटल से बहुउद्देशीय ट्री गार्ड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे पौधों की सुरक्षा और पौधों को पानी भी मिल रहा है। साथ ही अन्य सजावटी सामान भी तैयार किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शासन के द्वारा निर्देशित कार्य भी किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न गतिविधि भी आयोजित किया जाता है। जिसमें प्रमुख रूप से प्रतियोगिता परीक्षा के प्रति तैयार करने हेतु हर वर्ष गांधी जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के प्रयास से विद्यालय के पांच बालिका राज्य स्तरीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना छिंदबहार के स्वयंसेवकों का राज्य स्तरीय सात दिवसीय शिविर में छिन्द कला से विशेष पहचान हासिल किया है। जिसकी प्रशंसा मंत्री टंकराम वर्मा उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना शाऊमा विद्यालय छिंदबहार के प्राचार्य दीपक कुमार घोष के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के निर्देशन व सहायक अधिकारी मनोहर सिंह बरनाला के सहयोग से निरंतर राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य व उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिसमें उप महादल नायक मुकेश कश्यप, कु. दिव्या पाण्डे का विशेष सहभागिता है।

## सांसद के पहुंचने से पहले सरपंच ने काटा फीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ब्लाक के ग्राम पंचायत बोरीगांव में शनिवार को शासकीय हाईस्कूल बोरीगांव का उद्घाटन बस्तर सांसद महेश कश्यप के मुख्य आतिथ्य किया जाना पीडब्ल्यूडी द्वारा तय किया गया था पर सांसद के पहुंचने के पहले महिला सरपंच सुकनदेहि नाग ने फीता काट तथा मां सरस्वती की प्रतिकृति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर स्कूल का उद्घाटन कर दिया। उक्त हाईस्कूल भवन क्षेत्रवासियों के पुरजोर मांग पर क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा स्वीकृत कराया गया, तत्तकालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी थी। शनिवार को जब सांसद बस्तर द्वारा स्कूल के उद्घाटन की सूचना ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराम बिसाई को मिली तो उन्होंने इस बारे में विधायक को अवगत कराया और उनके मार्गदर्शन में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ बोरीगांव पहुंचे जहां कार्यक्रम स्थल में ग्रामीणों को बताया गया कि विधायक नाराजगी जता रहे हैं जिसकी स्वीकृति उन्होंने दिलाई उसका उद्घाटन विधायक की अनुपस्थिति में सांसद द्वारा कैसे किया जा सकता है। विधानसभा सत्र के दौरान उनकी अनुपस्थिति में भाजपा व सांसद द्वारा झूठा श्रेय व वाहवाही लूटने यह उद्घाटन किया जा रहा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवराम बिसाई ने कहा कि भूमिपूजन शिला को भी मौके से हटा दिया गया है। इस समझाइश पर ग्रामीणों के साथ सरपंच ने आगे आकर हाईस्कूल भवन का विधिवत उद्घाटन कर दिया। इस दौरान कमेटी के उपाध्यक्ष जगमोहन बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी फत्तेसिंह परिहार, विजय, नित्या चन्द्राकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद थे।

# प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं प्रगति

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि कि प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत विशेष परियोजना में सर्वेक्षित परिवारों में से पात्र व्यक्तियों को सामाजिक सहायता कार्यक्रम के पेंशन योजनाओं से जोड़ा जाए तथा आधार आधारित डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में तेजी लाने सहित सेचुरेशन सुनिश्चित किया जाए। वहीं लंबित सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन, मानव अधिकार आयोग के लंबित प्रकरणों और जनदर्शन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, जिले में आवारा मवेशियों के प्रभावी प्रबंधन तथा मुक्तिधामों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कोटपा अधिनियम 2003 की धारा-4 के अंतर्गत विभागों द्वारा की गई कार्यवाही तथा जनगणना 2027 की तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में पुनर्वास केंद्रों के संचालन, लाभार्थियों को प्रदान की जा रही वेलकम किट एवं टूल किट की जानकारी लेते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस जा चुके लोगों का सर्वे कराने के निर्देश दिए गए। नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों जैसे निर्माण कार्य, मॉडल स्कूल, मॉडल आंगनबाड़ी, पीडीएस एवं पीएचई की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविरों के आयोजन, वेटलैंड के यूजेस राइट के नोटिफिकेशन तथा लैंड बैंक के लिए समिति गठन कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए।

# बीएलओ व सुपरवाइजरों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



नए मतदाताओं और उत्कृष्ट कार्य के लिए मास्टर ट्रेनर, बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र 87 में एसआईआर के कार्य का सफलतापूर्वक संपादन किये जाने पर बीएलओ एवं सुपरवाइजरो कों प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में एसडीएम तोकापाल शंकर लाल सिन्हा अतिथि के रुप में शामिल हुए उन्होंने कहा कि मतदान के अधिकार को सिर्फ विकल्प के रुप में नहीं, बल्कि इसे एक कर्तव्य के रुप में देखें और निष्पक्ष, निर्भिक एवं स्वतंत्र होकर अपने मतदान का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढाना भी एक चुनौती है, इसलिए स्वयं मतदान करें और दूसरे मतदाताओं को भी मतदान के लिए जागरुक करें। उन्होंने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को दाहिना हाथ आगे बढ़वाकर मतदाता शमथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्व आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी लोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। समारोह के विशेष अतिथि लोहण्डीगुडा तहसीलदार कैलाश पोयाम, तोकापाल तहसीलदार, बास्तानार तहसीलदार एवं दरभा तहसीलदार सुनील धुर्व, ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में मतदाता शपथ के शब्दों के मायने को बारिकी से समझें और अपने अधिकार के प्रति जागरुक रहें। उन्होंने सभी निर्वाचनों में निष्पक्ष मतदान के लिए जागरुक रहनें कहा। उन्होंने कहा कि मताधिकार का उपयोग करने तब मिलेगा, जब मतदाता सूची में नाम होगा। इसलिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी लोग मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं और दूसरों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। नाम जुड़वाने का कार्य बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन भी आसानी से किया जा सकता है और नाम जुड़ने के बाद अपने मताधिकार का उपयोग भी अवश्यरुप से करें। उन्होंने जिले में एसआईआर का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन कराने के लिए इस अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों प्रशंसा की। एसडीएम शंकर लाल सिन्हा ने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरो कों प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 87 चित्रकोट अंतर्गत लोहण्डीगुडा, दरभा, बास्तानार, तोकापाल के सभी एईआरओ एवं ईआरओ चित्रकोट उपस्थित रहें। और आगामी जनगणना कार्य 2027 के कार्य कों करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। समारोह को सफल बनाने में सभी की उपस्थिति के लिए आभार प्रगट किया।

# ग्रामीणों का दिल जीतने में जुटी सीआरपीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



छत्तीसगढ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रही है। एक ओर जहाँ सुरक्षा बल लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाकर नक्सलियों का लगातार सफाया कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के साथ मित्रवत एवं मधुर संबंध स्थापित करने हेतु लगातार संकल्पित होकर प्रयासरत हैं। इसी का उदाहरण 231 वी वाहिनी सीआरपीएफ ने पेश किया। बल के कमांडेंट सुनील भंवर के निर्देशानुसार 231 वी वाहिनी सीआरपीएफ के कम्पनी कमाण्डर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार झा के द्वारा 14 मार्च को ग्रामीणों को कैंप में बुलाकर खाना खिलाया। बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट बांटा एवं बीमार ग्रामीणों के मध्य दवा का वितरण किया। सुरक्षा बल एवं ग्रामीणों के बीच मित्रवत संबंध एवं भविष्य में 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ द्वारा आयोजित होने वाली सिविक एक्शन प्रोग्राम के बारे में चर्चा की गई। जिसमें डोरापारा, बुधिपारा, धुर्वापारा, रियापारा के ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर डोरापारा के पंच बिमा राम कवासी, बुधरा कवासी तथा धुर्वापारा के भिमे सुंडाम सहित लगभग ग्रामीण उपस्थित रहे।

### किसानों को निःशुल्क बी-1 वितरण



**दंतेवाड़ा।** किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की जानकारी सरलता से उपलब्ध कराने तथा राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जिले भर में निःशुल्क बी-1 (खसरा नकल) वितरण एवं वाचन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की प्रमाणित प्रति निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सभी तहसीलों में राजस्व विभाग के अधिकारी, तहसीलदार और पटवारी गांव-गांव जाकर बी-1 का वितरण कर रहे हैं। साथ ही ग्राम स्तर पर बी-1 का वाचन (पढ़कर सुनाने) भी किया जा रहा है, जिससे किसानों को उनके भूमि अभिलेखों की स्पष्ट और सही जानकारी मिल सके। वाचन के दौरान यदि किसी प्रकार की त्रुटि सामने आती है तो उसे नियमानुसार सुधारने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकेगी। इस पहल से किसानों को नामांतरण, बैंक ऋण, फसल बीमा तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। जिला प्रशासन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित करें और अधिक से अधिक किसानों तक इसकी जानकारी पहुंचाएं।

# कुड़कानार माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय कुड़कानार में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति, प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। गीत-संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक माहौल में विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयी जीवन की यादों को भी साझा किया। इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल बीर सिंह कश्यप को तथा मिस फेयरवेल सरस्वती बघेल को प्रदान किया गया।

प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र यादव ने कहा कि विदाई जीवन का अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत होती है। विद्यालय विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाने की कला भी सिखाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। अंत में सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ स्मृतियां साझा की तथा इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए न्योता भोजन का आयोजन भी किया गया। प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं में शिल्पा शर्मा, नीरज कुमार कुंजाम, फूल सिंह यादव, ममता ठाकुर, आभा प्रीति एक्का उपस्थित रहे।

# महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति प्रेरित करना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना जा सकता है। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों तथा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी, मसाला निर्माण, आचार, पापड़ तथा मिलेट आधारित उत्पाद जैसे छोटे उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं, जिनके लिए सरकार द्वारा प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाता है। जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम इस पहल की नोडल एजेंसी है तथा चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दंतेवाड़ा जिले में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाग लेकर उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

### नवीन दायित्व मिलने पर लिया माता का आशीर्वाद

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पदाधिकारियों ने मां दंतेश्वरी के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक संतोष त्रिपाठी तथा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अखिलेश शुक्ला ने नवीन दायित्व प्राप्त होने के उपरांत जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पदाधिकारियों ने प्रदेश एवं बस्तर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए प्रार्थना की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतगत उत्तमार में विगत दिनों सड़क दुर्घटना में बालौद जिले के कुसुमकसा निवासी 23 वर्षीय नरेंद्र कुमार पिता गुलाब सिंग का एक्सीडेंट हो गया था। उसे इलाज के लिए जुनवानी लेकर गए थे और इलाज के दौरान मौत हो गई। जीरो में प्रकरण दर्ज होने के उपरांत डायरी दुर्गूकोंदल थाना आने पर मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### विद्यार्थियों ने देखी न्यायालयीन प्रक्रिया

**धनोरा।** ब्लॉक अंतर्गत जिला कोंडागांव के जनपद प्राथमिक, माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को केशकाल अंतर्गत विभिन्न स्थलों का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने केशकाल स्थित व्यवहार न्यायालय का भ्रमण किया। बच्चों ने न्यायालयीन प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से देखा और जाना। इसके बाद बच्चों को इको टूरिज्म पर्यटन स्थल टाटामारी एवं पंचवटी का भ्रमण कराया भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति की सुंदरता को करीब से निहारा और वहां पर स्थित झूलों एवं स्वल्पाहार का आनंद लिया। दिन के अंत मे विद्यार्थियों ने पुरातात्विक स्थल गोबरहीन गढ़धनोरा का भ्रमण किया।

छात्र-छात्राओं के पठन-लेखन और गणितीय दक्षता पर आधारित तरीके से आंकलन किया जा रहा

# 24 हजार से अधिक बच्चों के आंकलन के लिए एफएलएन मूल्यांकन अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जिले भर में व्यापक स्तर पर अंतर संकुल फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) मूल्यांकन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कक्षा 1 से 3 तक के कुल 24 हजार 542 छात्र-छात्राओं की पठन, लेखन और गणितीय दक्षताओं का गतिविधि आधारित तरीके से आकलन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के वास्तविक अधिगम स्तर को समझना और उन्हें बेहतर शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना है।

जिले के कुल 243 संकुलों में यह मूल्यांकन कार्य आयोजित किया गया है। प्रत्येक संकुल में संकुल प्राचार्य के साथ चार आकलनकर्ता, दो पीएलसी सदस्य और एक एफएलएन मेंटर की टीम गठित की गई है। इस प्रकार पूरे जिले में 1458 आकलनकर्ताओं की सहभागिता से यह व्यापक मूल्यांकन अभियान संचालित किया जा रहा है। इस आंकलन का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणित की मूलभूत क्षमताओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाना है। शिक्षा विभाग का मानना है कि जब बच्चों की सीखने की वास्तविक स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आएगी, तभी उनके अधिगम स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी शैक्षणिक रणनीति तैयार की जा सकेगी। मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान आकलनकर्ता दल द्वारा विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यार्थियों की पठन क्षमता, लेखन कौशल और संख्यात्मक समझ का परीक्षण किया जा रहा है। यह परीक्षण गतिविधि आधारित पद्धति से किया जा रहा है, जिससे बच्चों की वास्तविक दक्षताओं का आकलन सहज और प्रभावी ढंग से हो सके। प्राप्त आंकड़ों को निर्धारित प्रपत्रों में संकलित कर विद्यालयवार, संकुलवार और विकासखण्ड स्तर पर उनका विश्लेषण किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से उन विद्यार्थियों की पहचान भी की जाएगी जिन्हें पढ़ने-लिखने या गणितीय समझ में अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष सुधारात्मक शिक्षण योजना तैयार की जाएगी, ताकि वे भी निपुण भारत मिशन के निर्धारित अधिगम लक्ष्यों तक पहुँच सकें।

शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि आगामी सत्र में विद्यार्थियों को केवल निपुणता तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें उत्कृष्ट स्तर तक पहुँचाने के लिए विशेष शैक्षणिक रणनीतियाँ लागू की जाएँ। इस पहल से न केवल प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक नींव मजबूत होगी, बल्कि आगे की कक्षाओं में उनकी पढ़ाई भी अधिक प्रभावी और सफल बन सकेगी। जिले में संचालित यह अभियान निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में जिले की शिक्षा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल सकेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश कुमार मंडावी के निर्देशानुसार जिले में यह शैक्षणिक गतिविधि शुरू की गई है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नवनीत कुमार पटेल के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की टीम इस अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई है।

# अमोड़ा में साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ग्राम अमोड़ा में ग्रामीण साहू समाज द्वारा समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें समाज के महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर मां कर्मा के जयकारे लगाते हुए गांव का भ्रमण किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा के पश्चात मां कर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया और समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने उद्बोधन में मां कर्मा के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के लिए उनके महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि मां कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी हैं, जिनका जीवन सेवा, त्याग और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज को एकजुट होकर विकास और सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नरहरपुर की जनपद सदस्य एवं कृषि सभापति कांति पटेल, विशेष अतिथि सरपंच हजारी राम गोटा, उपसरपंच लेखराम साहू तथा समाज के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार पच मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में साहू समाज की एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखने की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में पूर्णेश्वर साहू, बिहारी राम साहू, योगेश्वर साहू, तामेश्वर साहू, सियाराम साहू, राजेश साहू, द्वारका प्रसाद साहू, प्रदीप साहू, भूपेंद्र साहू, राकेश साहू, राजू साहू, प्रभादेवी साहू, अनीता साहू, सत्य साहू, राधिका साहू, नीरा साहू, दिनेश्वरी साहू सहित साहू समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया गया



**कांकेर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के जन्मदिन के अवसर पर पूरे कांकेर जिले में सेवा कार्यों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए गए। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर के निर्देश पर जिले के विभिन्न मंडलों में सामाजिक सेवा गतिविधियों के जरिए प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। जिले के अन्य मंडलों में भी सेवा कार्यों के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने सामाजिक सेवा को ही सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने की बात कही। कांकेर शहर में किसान मोर्चा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा दृष्टिबाधित एवं विशेष शाला के बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें फल एवं खेल सामग्री वितरित की गई। इस दौरान बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया और उनके साथ समय बिताकर खुशियां साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर वीडियो कॉल के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं से जुड़े। इस दौरान उन्होंने कांकेर की मुख-बधिर एवं दृष्टिबाधित विशेष शाला के बच्चों से भी संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आदीप शर्मा, कोरर महामंत्री लोकेश साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष ईश्वर कावड़े सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में चारामा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा चारामा अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए गए और साथ ही डॉक्टरों से मुलाकात कर मरीजों की बेहतर देखभाल और आवश्यक सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम, महामंत्री खेम तिवारी, जिला मंत्री महावीर सिन्हा, मंडल अध्यक्ष वासुदेव साहू, मंत्री युवराज सेन, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश वाधवानी, कैलाश खत्री, प्रेमप्रकाश बेनपाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भानुप्रतापपुर में भी किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों के बीच फल वितरण किया और प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रचार-प्रसार मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष संदीप बुलचा ठाकुर, जिला मंत्री शैलेंद्र सिंह पूनिया, जिला कोषाध्यक्ष भीखम आरदे, सह मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तैलिक कुल देवी माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई



**चारामा।** तैलिक कुल के आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। भक्त शिरोमणि माता कर्माबाई निश्छल भक्ति और भगवान कृष्ण के प्रति समर्पण की गाथा है। माता कर्माबाई भगवान कृष्ण को प्रेमपूर्वक बाजरे की खिचड़ी का भोग लगाती थीं, जिसे भगवान खुशी-खुशी स्वीकार करते थे। कर्माबाई ने कृष्ण को बाजरे की खिचड़ी का भोग लगाया। भगवान कृष्ण ने बालक के रूप में आकर वह खिचड़ी खाई।

भक्त माता कर्माबाई को उनकी पवित्रता और समर्पण के लिए याद करते हैं। माता कर्मा ने अपना पूरा जीवन ईश्वर की सेवा में समर्पित कर दिया, जो भक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जहां पर सभी कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ साहू समाज के सभी ग्राम, परिक्षेत्र, तहसील एवं जिला स्तर पर पदाधिकारियों की उपस्थिति में माता कर्मा जयंती सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला साहू के अध्यक्ष बंशी लाल साहू, जिला संगठन सचिव बोधन साहू, जिला कोर कमेटी के सदस्य धन्नू राम साहू, जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. योगेन्द्र साहू, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रकांत साहू, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ सह संयोजक धर्मेन्द्र कुमार साहू, जिला युवा प्रकोष्ठ के सदस्य संत कुमार साहू, टीका राम साहू, रूप राम साहू, टीकम साहू, गौरीशंकर साहू, जितेन्द्र साहू, हिरवेंद्र साहू, परमानंद साहू, विनोद साहू, उत्तम साहू, बृजलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, द्वारिका प्रसाद, जगदीश साहू, भूषण साहू शामिल हुए।

# घरेलू गैस व पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की अफवाह फैला रही कांग्रेस : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



देश में घरेलू एलपीजी और पेट्रोलियम पदार्थों की कमी का अफवाह फैला कर कांग्रेस पूरे देश मे अराजक स्थिति पैदा करना चाहती है। जब देश के प्रधानमंत्री और पेट्रोलियम मंत्री ने स्पष्ट रूप से देशवासियों को ये आश्वस्त कर दिया है कि देशों में युद्ध के बावजूद पेट्रोलियम पदार्थों की कमी नही है उसके बाद भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां देशवासियों के बीच तेल, गैस की कमी का अफवाह फैला कर लोगो मे भ्रम की स्थिति पैदा कर उन्हें जबरदस्ती गैस के लिए लाइन में लगवा रहे है। उक्त आरोप भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस पर लगाया है।

महेश जैन ने कहा कि एलपीजी की कालाबाजारी में विपक्ष के नेता ही पकड़े जा रहे है। कांग्रेस पर आरोप लगाते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां निम्न स्तर की हरकतें कर रहे है। इन्हें देशहित से ज्यादा प्रधानमंत्री का विरोध दिखता है। ईरान अमेरिका युद्ध के कारण जब देश मे पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति थोड़ी प्रभावित हुई है। ऐसे समय मे कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़े होने के बजाय पूरे देश मे सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर देश विरोधी कृत्य में लिप्त है। उन्होंने कहा कि सत्ता की लालसा में कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी और उनके कार्यकर्ता इतने अंधे हो चुके है कि इन्हें देशहित और देश विरोधी कृत्य में अंतर ही समझ नही आता। महेश जैन ने कहा कि ईरान अपने क्षेत्र से केवल भारतीय जहाजो को ही जाने दे रहा है ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक कूटनीति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले रोजाना सालों साल एक सिलेंडर के लिए लाइन लगती थी या ये कहो कि परिवार के एक सदस्य का तो काम ही ये था कि सिलेंडर के लिए लाइन में लगना। ऐसा क्या हुआ की प्रधानमंत्री के आने के तुरंत बाद लाइन गायब हो गई और 24 घंटे में सिलेंडर मिलने लग गया। आज स्थिति ऐसी कर दी गई है कि गैस डीलर खुद पूछने लग गए कि नया गैस कनेक्शन लगवा लो। आज सब जानते हैं की अभी जो थोड़ी समस्या आई है ये विश्वव्यापी समस्या है जो कि पूरे विश्व की समस्या है, लेकिन कांग्रेसियो को विरोध करना है, धैर्य नहीं रखना है व 13 दिन में ही हाहाकार मचा रखा है। हमे ये ध्यान रखना है कि ये हम सभी का देश है और प्रधानमंत्री के रहते सबसे सुरक्षित है। ये सारा कुछ कांग्रेस और वामपंथियों के द्वारा बढ़ा चढ़ाकर हल्ला मचाया जा रहा है और वो भी इसलिए की नकली गांधी परिवार फिर सत्ता में आए।

# शिक्षक फेडरेशन ने स्कूल संचालन के समय को बदलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने स्कूलों का संचालन सुबह के समय करने की मांग की है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द प्रातःकालीन शाला संचालन का आदेश जारी करने की माँग किया है।

फेडरेशन के अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए यह मांग की गई है और उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लेगा। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले में इन दिनों तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने और पढ़ाई के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्मी के कारण छोटे बच्चों की तबीयत खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। वर्तमान समय में वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं, ऐसे में बच्चों को पढ़ाई और परीक्षा दोनों के लिए अनुकूल वातावरण मिलना बेहद जरूरी है। फेडरेशन के उत्तम चंद वारे, विनोद मंडावी, आशु मरकाम, टीकाराम ठाकुर, लालसिंह पोटाई, लोकेश साहू, प्रवीण देवांगन, मनोज मंडावी, सुखराज मरकाम, बसंत कुमार साहू, विकास ठाकुर, अरुण मालेकर, सेवक सूर्यवंशी, नीलकंठ सोरी, भुवन जैन, संतोष रावटे, दीपक साहू, प्रदीप दास, ज्योति ठाकुर और निर्मला मंडावी सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत दो दिनी आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



भाजपा द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल नरहरपुर में 14 से 15 मार्च तक दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं को वैचारिक और संगठनात्मक रूप से सशक्त करना था। प्रथम सत्र की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष टकेश्वर जैन ने किया।

द्वितीय सत्र की अध्यक्षता किसान मोर्चा के बिहारी कुलदीप ने किया। इस सत्र में मुख्य वक्ता भूपेंद्र नाग ने वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद तथा पंच निष्ठाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, राष्ट्र और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा, गांधीवादी दृष्टिकोण पर आधारित समता एवं शोषणमुक्त समाज, धर्म और नैतिक मूल्यों की महत्ता तथा अंत्योदय से विकसित भारत की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी। तृतीय सत्र की अध्यक्षता किसान मोर्चा के शिव प्रसाद उइके ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रवक्ता राजीव लोचन उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा की कार्यपद्धति और कार्यकर्ता प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा एक संगठन आधारित राजनीतिक दल है, जहां कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संगठन की संरचना, प्रवास, संपर्क, संवाद, समन्वय, प्रमाणिकता और महिला कार्यकर्ताओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे विषयों पर भी चर्चा की। चतुर्थ सत्र में जिला उपाध्यक्ष राजा देवनानी ने, पंचम सत्र में जिला सोशल मीडिया आईटी प्रभारी डॉ. देवेंद्र ने और षष्ठम सत्र में पूर्व जिला मंत्री हीरा मरकाम ने बूथ प्रबंधन और बूथ संरचना पर विस्तृत जानकारी दी। अंतिम सत्र में विधायक आशाराम नेताम ने सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं, संगठनात्मक व्यवहार, कार्यकर्ता की कार्यशैली, संस्कार, आचरण, सामाजिक संपर्क और सामाजिक सद्भाव जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, महतारी सदन, धान खरीदी योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण योजना, भूमिहीन मजदूर किसान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, महिलाओं को रजिस्ट्री शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, कृषक उन्नत योजना, कन्या विवाह योजना, धर्म स्वतंत्रता विधेयक, नक्सलवाद उन्मूलन, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अतिरिक्त पोषण सहायता योजना और आयुष्मान वय वंदना कार्ड सहित अनेक योजनाओं की जानकारी दी। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के अनेक पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक-सहसंयोजक तथा वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# भाजपा महिला मोर्चा के स्नेह सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने पर जोर

**अंतागढ़।** नगर के नयापारा स्थित फारेस्ट रेस्ट हाउस में भाजपा महिला मोर्चा मंडल अंतागढ़ के तत्वाधान में नवगठित महिला मोर्चा का स्नेह सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा के पदाधिकारियों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल के वरिष्ठ वक्ताओं ने नवगठित महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य किया जाए। वहीं महिला मोर्चा की अध्यक्ष चंद्रकला कौशल ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की पूरी टीम संगठन को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगी कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।



इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामबिलास गुप्ता, जिला महामंत्री जितेन्द्र मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, उपाध्यक्ष अमलसिंह नरवास, मंडल अध्यक्ष महेश उइके, लक्ष्मण ठाकुर, सतिश ठाकुर और महावीर ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सरिता कुलदीप, जिला कार्यकारिणी सदस्य कुमारी बाई साहू, मंडल उपाध्यक्ष साधना निषाद और मिता दर्रो, मंडल महामंत्री बिमला बघेल, राजेश्वरी जैन, पार्षद सीमा ठाकुर, पार्षद हेमलता देहारी, उमा ठाकुर तथा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी सदस्य धनेश्वरी पाल, लक्ष्मी वर्मा, कुमारी लक्ष्मी यादव, कांति नेताम, मीना नेताम और समारी ठाकुर, कुमारी बाई सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411